RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 09 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 105 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मानी मांगे!

# 'बेस्ट' के निजी बस चालकों ने सात दिनों बाद वापस ली हड़ताल...

मुंबई में सार्वजनिक निकाय बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन (बेस्ट) द्वारा नियुक्त निजी बस चालकों ने मंगलवार को सात दिनों के बाद अपनी हड़ताल वापस ले ली। निजी बस ऑपरेटरों के ड्राइवरों ने दावा किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें उनकी वेतन वृद्धि और अन्य मांगें मान ली हैं और उनको पूरा करने का आश्वासन दिया है।




### सीएम शिंदे ने मांगी चालकों की मांगें

इन संविदा ड्राइवरों के हड़ताल वापस होने के बाद लाखों बस यात्रियों को राहत मिलेगी, हड़ताल से 500 से ज्यादा बसें सड़कों पर नहीं थीं, जिस कारण यात्रियों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा था। संविदा कर्मचारियों के एक प्रतिनिधि ने आजाद मैदान में मीडिया को बताया कि उनका प्रतिनिधिमंडल सोमवार आधी रात के बाद सीएम शिंदे से मिला। प्रतिनिधि ने कहा कि शिंदे ने आश्वासन दिया कि आंदोलनकारी कर्मचारियों की मांगें पूरी की जाएंगी।

निजी बस ऑपरेटरों के कर्मचारियों के एक समूह के समन्वयक विकास खरमाले ने कहा कि मुख्यमंत्री ने वेतन वृद्धि, बोनस, छुट्टियों और मुफ्त बस यात्रा के बारे में हमारी प्राथमिक मांगों को स्वीकार कर लिया गया है। इसलिए हड़ताल वापस ले ली गई है। निजी बस ऑपरेटरों के ड्राइवर समेत कर्मचारी वेतन वृद्धि और बेस्ट कर्मचारियों के बराबर वेतन देने समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। बृहन्मुंबई



इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (बेस्ट) उपक्रम मुंबई और पड़ोसी क्षेत्रों में सार्वजनिक बस सेवाएं प्रदान करता है। बेस्ट ने सात ठेकेदारों से वेट लीज मॉडल पर 1,600 से अधिक बसें किराए पर ली हैं, जिसके तहत वाहन का स्वामित्व, रखरखाव, ईंधन और ड्राइवर की लागत निजी ऑपरेटर की जिम्मेदारी है। सार्वजनिक परिवहन निकाय अपने 3,100 से अधिक बसों के बेड़े के साथ मुंबई और पड़ोसी ठाणे, नवी मुंबई और मीरा-भायंदर शहरों में 30 लाख से अधिक यात्रियों को अपनी बसों से ले जाता है, जिनमें सार्वजनिक परिवहन निकाय के पास 1,400 से भी कम बसें हैं।

### सीएम ने वेतन वृद्धि, दिवाली बोनस जैसी मांगे मानी

विकास खरमाले ने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे वेतन वृद्धि, साप्ताहिक अवकाश, वार्षिक वेतन अवकाश, दिवाली बोनस और अन्य मांगों पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सीएम ने उन्हें यह भी आश्वासन दिया कि विरोध करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ न तो कोई कार्रवाई की जाएगी और न ही उन दिनों का वेतन काटा जाएगा। साथ ही बताया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें नियमित बेस्ट कर्मचारियों की तरह मुफ्त बस पास सुविधा देने का भी आश्वासन दिया।

### प्रभावित बेस्ट बस सेवाएं अगले 24 से 48 घंटों में बहाल कर दी जाएंगी

बेस्ट के सूत्रों ने कहा कि अगर राज्य सरकार के हस्तक्षेप के बावजूद निजी बस ऑपरेटरों के कर्मचारी हड़ताल पर अड़े रहे तो सार्वजनिक परिवहन निकाय यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर काम कर रहा था। उन्होंने आगे कहा कि बेस्ट की मांग और राज्य सरकार के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए, महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम ने 300 से अधिक बसों की उनकी मांग के मुकाबले मंगलवार सुबह 200 से अधिक बसें प्रदान कीं। विशेष रूप से, मुंबई के संरक्षक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने सोमवार को कहा कि प्रभावित बेस्ट बस सेवाएं अगले 24 से 48 घंटों में बहाल कर दी जाएंगी।

## फिर से गरमाने लगा मुंबई के टोल नाकों को बंद करने का मुद्दा



**मुंबई** : देश की सबसे अमीर नगर निकाय मुंबई महानगर पालिका के चुनावी जंग में एक बार फिर से टोल टैक्स का मुद्दा हावी रह सकता है। मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र की राजनीति में टोल टैक्स प्रभावी मुद्दा रहा है। टोल नाके की सियासत की सियासत को एक फिर से गरम करते हुए शिवसेना (उद्धव) नेता आदित्य ठाकरे मुंबई के टोल नाकों को तत्काल बंद करने की मांग उठा दी है।

डबल टैक्स पर क्या बोले ठाकरे ?

आदित्य ठाकरे ने कहा कि मुंबईकरों से डबल टैक्स वसूला जा रहा है। मुंबई शहर को ठाणे और भायंदर-मीरा रोड से जोड़ने वाले ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे की देखरेख का काम पहले MMRDA यानी मुंबई मेट्रोपॉलिटियन रिजन डेवलपमेंट अथॉरिटी देखती थी। लेकिन अब इन दोनों एक्सप्रेस हाईवे के देखभाल का काम बीएमसी को दे दिया गया है। अब मुंबईकरों के टैक्स के पैसे से इन सड़कों के रख रखाव का काम किया जाएगा। जबकि इन दोनों एक्सप्रेस हाईवे पर स्थित टोल नाको से मिलने वाला राजस्व अभी MMRDAको मिल रहा है।

### आदित्य ठाकरे ने की टोल बंद करने की मांग

महाराष्ट्र में टोल प्लाजा का विवाद भले ही पुराना है लेकिन जब भी किसी सियासी दल ने इस मुद्दे को उठाया, जनता का उसे पूरा समर्थन मिलता। मुम्बई में इटउ चुनाव से पहले शिवसेना के नेता और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने मुम्बई के प्रवेश द्वार पर मौजूद 5 में से 2 बड़े टोल प्लाजा को बंद करने की मांग है। आदित्य ठाकरे ने अचानक एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर मुम्बई के ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा को बंद करने की मांग रखी है और ये भी कहा है कि बीएमसी में उनकी सत्ता आते ही वो इन दोनों टोल प्लाजा को बंद कर देंगे।

## संसद में चर्चा के बीच हनुमान चालीसा क्यों पढ़ने लगे शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे?



**महाराष्ट्र:** संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा जैसे-जैसे बढ़ रही है, यह दिलचस्प होती जा रही है. विपक्षी पार्टियां जहां मोदी सरकार की खामियां गिनाकर हमले कर रही है तो सत्तारूढ़ एनडीए के नेता भी सरकार का पक्ष रख रहे हैं. इस बीच ऐसा मौका आया जब शिवसेना के एक सांसद सदन में हनुमान चालीसा पढ़ने लगे. हनुमान चालीसा पढ़ने वाले सांसद का नाम श्रीकांत एकनाथ शिंदे है जो कि महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के बेटे और कल्याण से सांसद हैं. संसद में जब श्रीकांत शिंदे को बोलने का मौका दिया तो वह महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी पर हमला करने से नहीं चूके और यहां तक कह दिया कि उद्धव ठाकरे के गुट वाली शिवसेना ने महाराष्ट्र की जनता के साथ धोखा किया है. श्रीकांत ने कहा, ''यहां किसी ने सोचा नहीं होगा कि कांग्रेस का शिवसेना (यूबीटी) के साथ गठबंधन होगा. लोगों ने भी सोचा नहीं था, लेकिन लोगों के साथ गद्दारी करने का काम सही मायने में उन्होंने किया जिन्होंने सरकार बनाई. 13 करोड़ लोगों और वोटरों के साथ गद्दारी की गई.''

### यूपीए से विपक्ष को आती है शर्म- श्रीकांत

वहीं, अविश्वास प्रस्ताव लाने पर शिंदे ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा, ''आपके खिलाफ तो जनता दो बार अविश्वास प्रस्ताव पास कर चुकी है. अब 2024 में जनता हैट्रिक करने जा रही है. इन्होंने अपना नाम यूपीए की जगह इंडिया अलायंस कर दिया है. इनको लगता है कि इंडिया नाम रखने से भारत के लोग इनके साथ हो जाएंगे. इनको यूपीए के नाम से शर्म आती है क्योंकि यूपीए का नाम सुनते ही स्कैम और भ्रष्टाचार याद आते हैं लोगों को. यह एनडीए वर्सेज इंडिया की लड़ाई नहीं है बल्कि स्कीम वर्सेज स्कैम की लड़ाई है.''

### ...और हनुमान चालीसा पाठ करने लगे श्रीकांत

श्रीकांत ने आगे कहा, ''हमने तो बालासाहेब के विचार को आगे ले जाने का काम किया. इतना ही नहीं इन्होंने समाजवादी पार्टी के साथ भी गठबंधन किया जिन्होंने कारसेवकों पर गोलियां चलाई थीं. आज महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा पढ़ने पर भी रोक लगा दी गई.मुझे पूरी हनुमान चालीसा आती है.'' इतना कहते ही श्रीकांत सदन में ही हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे. सत्तापक्ष के सांसद उनका उत्साह बढ़ाते दिखे. हालांकि वह तब रुके जब उन्हें चेयर की तरफ से टोका गया और कहा गया कि वह अपनी बात जल्दी पूरा करें.

## ठाणे में जब्त किए 10.4 लाख रुपये के मादक पदार्थ



**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 10.40 लाख रुपये मूल्य की 52 ग्राम प्रतिबंधित दवा मेफेड्रोन बरामद की और 21 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस की केंद्रीय अपराध इकाई के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राहुल रख ने मंगलवार को बताया कि नियमित गश्त के दौरान पुलिस के एक दल ने शनिवार को भायंदर इलाके के गांवदेवी मंदिर रोड पर एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा कि पुलिस ने उसे रोका तथा तलाशी के दौरान उसके पास से 10.40 लाख रुपये की 52 ग्राम मेफेड्रोन बरामद की गयी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान अंकित भरत जाधव के रूप में की गयी है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### बुलडोजर की कार्रवाई

नूंह में हिंदू संगठनों की जलाभिषेक यात्रा पर हमला करने वाले दंगाइयों और उनके ठिकाने बने भवनों को ध्वस्त करने की कार्रवाई का स्वत: संज्ञान लेते हुए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने जिस तरह रोक लगाई, उससे उपद्रवी तत्वों को ऐसा कोई संदेश नहीं जाना चाहिए कि उन्हें अपने किए की सजा नहीं मिलेगी। उच्च न्यायालय ने यह रोक संभवत: इसलिए लगाई, क्योंकि अभी पुलिस ने अपनी जांच पूरी नहीं की है और यह सिद्ध नहीं कर सकी है कि जिन लोगों के घर अथवा दुकानें तोड़ी जा रही हैं, वे वास्तव में दंगे में शामिल थे।

यह संभव है कि उच्च न्यायालय ने यह अनुभव किया हो कि पूरी छानबीन के बिना बड़े पैमाने पर बुलडोजर की कार्रवाई उचित नहीं है और इसीलिए उसकी ओर से यह टिप्पणी की गई कि नूंह में एक वर्ग विशेष को निशाना बनाया जा रहा है। जो भी हो, अच्छा होता कि उच्च न्यायालय इस भीषण सांप्रदायिक हिंसा का भी स्वत: संज्ञान लेता। फिलहाल यह कहना कठिन है कि दंगाइयों के ठिकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई पर न्यायालय अपना क्या फैसला देगा, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि सुनियोजित साजिश के तहत फैलाई गई हिंसा में शामिल तत्वों को समय रहते सख्त सजा देने की आवश्यकता है।

इस पर भी विचार होना चाहिए कि क्या दंगाइयों, अपराधियों और माफिया तत्वों के घरों को बुलडोजर से ढहाकर विधिसम्मत तरीके से त्वरित न्याय किया जा सकता है? इसमें संदेह नहीं कि जब ऐसे तत्वों के घर अथवा उनकी अन्य संपत्ति पर बुलडोजर चलते हैं तो आम जनता को संतुष्टि मिलती है। इस संतुष्टि का कारण यह है कि प्रचलित कानूनी तौर-तरीकों से अपराधियों और माफिया तत्वों को यथाशीघ्र सजा देना कठिन कार्य बनकर रह गया है। यही कारण है कि देश के कई हिस्सों में अपराधी और माफिया तत्वों की संपत्तियों पर बुलडोजर चलने लगे हैं।

इससे भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि जब किसी अपराधी तत्व का घर, दुकान अथवा अन्य कोई भवन ढहाया जाता है तो उसके साथ-साथ अन्य लोग भी प्रभावित होते हैं। इनमें वे भी होते हैं जिनकी किसी भी अपराध में कोई संलिप्तता नहीं होती। आम तौर पर अपराधियों के ठिकानों को ध्वस्त करते समय यह तर्क दिया जाता है कि उसने अवैध निर्माण किया था, लेकिन अपने देश में तो इस तरह का काम बहुत सारे ऐसे लोग भी करते हैं जिनका अपराध से कोई लेना-देना नहीं होता। उच्च न्यायालय को इस मामले में आगे की कार्रवाई इस तरह करनी चाहिए जिससे दंगाइयों के दुस्साहस का दमन करने में न तो कोई बाधा पैदा हो और न ही देरी हो।

जहां तक अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण की बात है तो यह पूरे देश की समस्या है। मानकों के विपरीत निर्माण और अतिक्रमण जब हो रहा होता है तो संबंधित नगर निकायों के लोग या तो इनकी अनदेखी करते हैं या कुछ ले-देकर यह सब होने देते हैं। अवैध निर्माण और अतिक्रमण के लिए नगर निकाय जैसी संस्थाएं दोषी हैं। उचित यह होगा कि अवैध निर्माण करने वाले लोगों पर कार्रवाई के साथ ही नगर निकायों के उन अफसरों और कर्मचारियों को भी दंडित किया जाए जो इनकी जानबूझकर अनदेखी के जिम्मेदार हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# कांदिवली पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया...

## 5 गिरफ्तार, चोरी के 74 फोन जब्त !

**मुंबईः** कांदिवली पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक गिरोह का खात्मा कर दिया है. यह गिरोह कांदिवली, चारकोप, मालवणी और मलाड में सक्रिय था। पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के 74 मोबाइल फोन जब्त किए, जिनकी कीमत 7,35,600 रुपये है।

आरोपी भीड़-भाड़ वाली बसों को निशाना बनाते थे, खासकर ऑफिस टाइम के दौरान। जोन-11 के पुलिस उपायुक्त अजयकुमार बंसल ने कहा, उन्होंने भीड़ का फायदा उठाया,



मोबाइल फोन चुराए और बाद में उन्हें एक दुकान में बेच दिया, जो उन्होंने मालवणी में इन चोरी किए गए फोन के लिए बनाई थी।

बेस्ट बस नंबर 277 फायर ब्रिगेड बस स्टॉप से कांदिवली स्टेशन जा रही थी, तभी दो आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। वे 277, 244 और 207 नंबर वाली बसों को निशाना बना रहे थे। पिछले दो से तीन महीनों में मोबाइल फोन चोरी की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। सहायक पुलिस निरीक्षक, हेमंत गिते, इंद्रजीत भिसे, पुलिस उपनिरीक्षक और अन्य अधिकारियों के साथ, अनौपचारिक कपड़ों में बस मार्ग पर गश्त की। दो आरोपियों ने मोबाइल फोन चुराए और बाकी चार ने ये फोन ले लिए और या तो उन्हें बेच दिया या पार्ट्स बेच दिए। आरोपियों की पहचान सलीम शेख (24), अल्ताफ रूपाणी (44), शहाब खान (43), रमजान लांजेकर (51) और हामिद खान (42) के रूप में हुई। उन पर धारा 379 (चोरी), 411 (चोरी की संपत्ति पर कब्जा), और 34 (अपराध करने के लिए मिलकर काम करना) के तहत आरोप हैं। कांदिवली पुलिस मोबाइल फोन खोने वाले किसी भी व्यक्ति से मदद के लिए पुलिस के पास आने के लिए कह रही है।

## लूट का विरोध करने पर महिला को ट्रेन से धक्का दिया



**मुंबई :** मुंबई के व्यस्त दादर रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में लूट की कोशिश का विरोध करने पर एक व्यक्ति ने एक महिला को चलती रेल गाड़ी से धक्का दे दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार रात बेंगलुरु-मुंबई सीएसएमटी उद्यान एक्सप्रेस में हुई और आरोपी को पकड़ लिया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार रात करीब 8.30 बजे जब ट्रेन दादर स्टेशन से निकल रही थी, तब एक व्यक्ति अनारक्षित महिला डिब्बे में घुस गया, जिसमें कुछ यात्री थे।

उन्होंने बताया कि उसने महिला से छेड़छाड़ की और नकदी वाला नीला बैग छीन लिया। अधिकारी ने बताया कि जैसे ही पीड़िता ने लूटपाट के प्रयास का विरोध किया, आरोपी ने उसे डिब्बे से बाहर धक्का दे दिया और भाग गया। पीड़िता की स्थिति के बारे में विवरण उपलब्ध नहीं है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने कहा कि पीड़िता ने सोमवार को पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि औपचारिक प्राथमिकी दर्ज होने से पहले ही आरोपी को पकड़ लिया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने आरोपी का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की और चश्मदीदों से बात की। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने, हत्या के प्रयास और लूट के प्रयास में चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है।

## आतंकी हमले की धमकी से मचा हड़कंप...

### मंत्रालय कंट्रोल रूम में आया धमकी भरा कॉल




**मुंबईः** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई को एक बार फिर से दहलाने की धमकी दी गई है. मुंबई पुलिस महकमे में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक कॉलर ने मुंबई में आतंकी हमले की धमकी दी. बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र मंत्रालय कंट्रोल रूम में यह धमकी भरा कॉल आया. इसके बाद आनन-फानन में पुलिस जांच में जुट गई और कॉल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया. पुलिस के मुताबिक, मुंबई में आतंकी हमले की धमकी देने वाले आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने कहा कि आरोपी कॉलर को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसका नाम प्रकाश खिमानी है. कॉलर मुंबई के कांदीवली इलाके का रहने वाला है और वहीं से उसकी गिरफ्तारी हुई है. पुलिस की मानें तो फिलहाल, कॉल करने की वजहों का पता लगाने के लिए मुम्बई पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है. हालांकि, पुलिस को शक है कि शराब के नशे में कॉलर ने फोन किया था. वहीं, समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, मुंबई पुलिस ने कहा कि सोमवार देर रात को आरोपी ने महाराष्ट्र मंत्रालय में फोन कर मुंबई में आतंकी हमले की धमकी दी थी. फोन पर उनसे कहा था कि मुंबई में एक-दो दिन में आतंकी हमला होगा. आरोपी की उम्र 61 साल है और आज उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा.

# मुंबई शहर में अब गरीब दंपती भी पा सकेंगे टेस्ट ट्यूब बेबी

## सायन अस्पताल में जल्द शुरू होगा स्पेशल इनफर्टिलिटी क्लिनिक

**मुंबई:** जिन महिलाओं को किसी कारण से संतान पैदा नहीं हो पा रही है, उन्हें बीएमसी के सायन अस्पताल का सहारा मिलने वाला है। सायन अस्पताल अब स्पेशल इनफर्टिलिटी क्लिनिक शुरू करने वाला है। यह क्लिनिक ऐसे दंपती की मदद करेगा, जो मेडिकल कारणों से माता-पिता बनने से वंचित हैं।



अस्पताल प्रशासन के अनुसार, आगामी दो सप्ताह में यह विशेष ओपीडी शुरू हो जाएगी। मुंबई में कई ऐसे दंपती हैं, जिन्हें संतान की प्राप्ति नहीं हो रही है। जिनके पास पैसा है, वे लोग प्राइवेट आईवीएफ सेंटर में जाकर टेस्ट ट्यूब बेबी की प्रक्रिया को अपना रहे हैं। लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर दंपती इसका लाभ नहीं ले पाते हैं। इसी के मद्देनजर बीएमसी के अडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर डॉ. सुधाकर शिंदे ने बीएमसी के सभी प्रमुख अस्पताल व मेडिकल कॉलेजों में टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर शुरू करने की घोषणा की है।

**मरीजों की जांच अंडर वन रूफ की जाएगी**

लाइसेंस आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में सायन अस्पताल ने आनेवाले दो सप्ताह में बांझपन व अन्य समस्याओं के कारण बच्चे पैदा न होनेवाले दंपती के लिए विशेष इन्फर्टिलिटी क्लिनिक शुरू करने का निर्णय लिया है। सायन अस्पताल की असोसिएट प्रो. डॉ. अर्चना भोसले ने बताया कि बांझपन की समस्या लेकर जो भी दंपती स्त्री रोग विभाग में आते हैं, 50 से 60 फीसदी मामलों में उनकी समस्याओं का निवारण जांचें और दवाओं की मदद से किया जाता है, लेकिन अब हम अस्पताल में एक विशेष इनफर्टिलिटी ओपीडी शुरू करने वाले हैं। इस ओपीडी में एक आईवीएफ विशेषज्ञ की नियुक्ति की गई है, जो हमें गाइड करेंगे। इसके अलावा ओपीडी में आनेवाले मरीजों की जांच अंडर वन रूफ की जाएगी। यानी प्राथमिक उपचार के बाद भी दंपती की समस्या का निवारण नहीं हो रहा है तो फिर इस क्लिनिक में उस समस्या का निवारण करने का कार्य किया जाएगा।

सायन अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जल्द धारावी स्थित छोटा सायन अस्पताल में पूरा आईवीएफ सेंटर स्थापित किया जाएगा। लाइसेंस के लिए भी आवेदन किया गया है। प्राइवेट आईवीएफ सेंटर में इस टेस्ट ट्यूब बेबी प्रक्रिया के लिए लाखों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन बीएमसी के आईवीएफ सेंटर में मात्र दवाइयों के पैसे का खर्च ही दंपती को वहन करना होगा। यह विशेष ओपीडी सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को चलाई जाएगी। ओपीडी की टाइमिंग 10 बजे से 12 बजे तक रखी गई है।

# गाड़ी का कांच तोड़ कर चोर उड़ा ले गया लाखो रुपए...

## अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**पालघर :** जिले में इन दिनों चोरो का आतंक इस कदर बढ़ गया कि घरों में चोरी करने के साथ -साथ अब गाड़ियों का कांच तोड़कर नगदी व अन्य सामग्री चोरी कर फरार हो रहे है। इसी कड़ी में मनोर पुलिस स्टेशन अंतर्गत मुंबई अहमदाबाद महामार्ग रोड पर एक गाड़ी का कांच तोड़कर अज्ञात चोर ने लाखो रुपये नगदी व अन्य सामान चोरी कर रफूचक्कर हो गए। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के ऊपर कलम ३७९ के तहत केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार, अश्वनी रमेशचन्द्र त्रिपाठी (४०), निवासी- खारघर, नवीमुंबई में रहते है। बताया गया है कि ४ अगस्त को मुंबई अहमदाबाद महामार्ग रोड कूड़े स्थित महेंद्रा कार क्र.एम.एच. ०४ सी. पी.०३०७ गाड़ी को ड्रीम होटेल के पार्किंग में पार्क कर होटेल में खाना खाने के चलें गए। इस बीच अज्ञात चोर ने उपरोक्त गाड़ी के कांच तोड़कर नगदी, मोबाइल आदि समाग्री चोरी कर फरार हो गया। शिकायतकर्ता अश्वनी ने पुलिस को बताया कि गाड़ी के अंदर २,५०,००० रुपये नगद व मोबाइल कुलमिलाकर २,६४,००० रुपये की चोरी हुई है। पुलिस ने अश्वनी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर उपरोक्त धारा के तहत केस दर्ज कर आगे की विवेचना कर रही है।




# पुणे शहरे में कुख्यात अपराधी गिरफ्तार



**पुणे :** महाराष्ट्र में पुणे शहर की अपराध शाखा ने सोमवार को यहां एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार कर और उसके पास से दो देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किये। पुलिस ने कहा कि एक विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने उरुली देवाची इलाके में जाल बिछाया और जब आरोपी मौके पर पहुंचा तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जिले के पुरंदर तालुका के वडकीगांव निवासी सहस विश्वास पोल (24) के रूप में की गई है। उसकी तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 42,000 रुपये कीमत की दो देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किये गये। उसके खिलाफ लोनी कालभोर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने कहा कि पोल एक हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ हडपसर पुलिस स्टेशन में उत्पीड़न और हमले का मामला भी दर्ज किया गया था।

# देश में जातिगत जनगणना कराई जाए: नाना पटोले



**मुंबई :** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने सोमवार को कहा कि जरूरतमंदों के लिए सुविधाओं का उचित आवंटन और योजनाएं तैयार करने के लिए देश में जातिगत जनगणना कराई जानी चाहिए। जालना में एक कार्यक्रम में पटोले ने दावा किया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस-नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) पर व्यापक डेटा तैयार किया था। उन्होंने कहा, हालांकि, नरेन्द्र मोदी-नीत सरकार ने इस डेटा को कभी सार्वजनिक नहीं किया। देश में जातिगत जनगणना की जानी चाहिए, ताकि जरूरतमंद लोगों को उचित सुविधाएं मिले और उनके लिए योजनाएं बनाई जा सकें। पटोले ने कहा कि यह कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की इच्छा है कि देश में सभी जातियों के लिए न्याय सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा, इसलिए हमें जातिगत जनगणना कराने की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओबीसी और अन्य जरूरतमंद समुदायों को कोई लाभ नहीं देना चाहती है। कांग्रेस विधायक ने दावा किया, न्यायमूर्ति बालकृष्ण रेनके आयोग ने तत्कालीन केंद्र सरकार को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी, लेकिन मोदी सरकार ने एक उप-समिति नियुक्त की और ओबीसी को कोई भी लाभ प्राप्त करने से वंचित कर दिया। पटोले ने कहा कि जब वह विधानसभा अध्यक्ष थे तो महाराष्ट्र में जातिगत जनगणना कराने का एक प्रस्ताव पारित किया गया था। उन्होंने कहा, इसी तरह के प्रस्ताव अन्य राज्यों की विधानसभाओं द्वारा भी पारित किए गए। बिहार सरकार जातिगत गणना करा रही है और इस कवायद का पहला चरण 21 जनवरी को पूरा हो गया था।

# नवी मुंबई के तुर्भे में एक रिक्शा चालक की हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया



**नवी मुंबई :** नवी मुंबई के तुर्भे में एक रिक्शा चालक की हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया है. इस घटना के बाद हत्यारा खुद ही थाने में हाजिर हो गया. पुलिस संदिग्ध से गहनता से पूछताछ कर रही है। पुलिस की ओर से दी गई प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, तुर्भे में एक वड़ा पाव विक्रेता ने रिक्शा चालक रमेश चव्हाण की हत्या कर दी. चव्हाण की छाती में स्क्रूड्राइवर घुसाकर हत्या की गई थी । रिक्शा चालक ने अपना रिक्शा संदिग्ध की दुकान के सामने खड़ा किया था। रिक्शा निकालने की वजह को लेकर विवाद हो गया।

# धारदार हथियारों के जखीरा पर पेल्हार पुलिस ने की ताबकतोड़ कार्रवाई

## पेल्हार पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन टीम के हाथों दो आरोपी गिरफ्तार

**नालासोपारा :** मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की पेल्हार पुलिस स्टेशन इन दिनों कार्रवाई को लेकर सुर्खियों में हैं। बता दे कि पेल्हार पुलिस स्टेशन को एक और सफलता हाथ लगी है जिसमें क्राइम डिटेक्शन टीम ने दो ऐसे आरोपियों गिरफ्तार की है जिसके पास से धारदार हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ०३/०८/२०२३ को एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें पेल्हार पुलिस स्टेशन की हद में एक लड़का तलवार लेकर इलाके में आतंक मचा रहा था। उक्त मामले पर कार्रवाई करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों का आदेश प्राप्त हुआ जिससे बाद वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वसंत लब्दे के निर्देश पर क्राइम डिटेक्शन के सहायक पुलिस निरीक्षक सोपान पाटील की टीम कार्रवाई प्रकिया शुरू कर दी। क्राइम डिटेक्शन के सहायक पुलिस निरीक्षक सोपान पाटील के साथ पुलिस उपनिरीक्षक प्रवीण जगताप, तानाजी चव्हाण, राकेश शिरसाट, रवि वानखेड़े, गोकुल हटकर, सागर ढाकणे, राहुल कर्पे, सुजय पाटिल, महिला पुलिस रूपाली सकट, वैशाली केदारे, मीरा चंदनशिव की टीम वीडियो में दिख रहे इस्मा की खोज और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में जुट गई। उक्त टीम ने पांडे नगर संतोष भवन क्षेत्र में वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को खोजना शुरू कर दी जिसके बाद वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्ति का नाम - डॉन उर्फ कुलदीप सिंह रमेश सिंह के नाम से पहचान सामने आया और वह विशाल पांडे





नगर, शिवाजी विद्यामंदिर स्कूल के पास, संतोष भवन, नालासोपारा पूर्व पालघर का रहने बताया गया, जिसकी जानकारी पुलिस टीम को मिली। जिसके बाद पुलिस अधिकारी सोपान पाटिल को गुप्त मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि उक्त आरोपी के आवास में अवैध हथियारों का बड़ा भंडार है, तो उक्त पुलिस टीम दो पंच लेकर तक उक्त इस्मा के आवास की तलाशी ली जहां ०३ तलवार, ०४ खंजर ,१८ कोयता बरामद हुआ। जिसके बाद मामले के आरोपी राजवीर सिंह पवन सिंह के पिकअप (जीजे १९ वाय ५४०८ ) की तलाशी ली गई वहां भी पुलिस के हाथ ०२ तलवार लगा। पुलिस टीम को कुल पिकअप सहित ०५ तलवार, ०४ खंजर और १८ कोयता आरोपियों के ठिकाने से बरामद हुआ। पुलिस टीम ने धारदार हथियार के जखीरा और टेम्पो के साथ दो आरोपियों को पकड़ने में सफल रही और मामले के दो अन्य आरोपियों को पुलिस तलाश रही है। पुलिस ने जानकारा दी है कि आरोपियों के पास कुल ३ लाख ६४ हजार ७५० रुपए कीमत का माल जप्त किया गया है। पेल्हार पुलिस स्टेशन के अपराध संख्या ७१८/२०२३ में भारतीय हथियार अधिनियम की धारा ४, २५ के साथ महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा ३७ (१), (३), १३५ के तहत ०४/०८/२०२३ को मामला दर्ज हुआ है। मामले में दो आरोपियों ( १- साहिल काश्मीर सरवा उम्र २२ वर्ष २- विनोद सुनेरा नागर उम्र ३२ वर्ष) को गिरफ्तार कर ली है अन्य फरार दो आरोपियों ( १-डॉन उर्फ रमेश सिंह कुलदीप सिंह, २- राजवीरसिंह पवन सिंह ) की तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर में चर्चा का विषय बना दिया है और कार्रवाई को लेकर पेल्हार पुलिस की प्रसंशा भी हो रही है। बता दे कि पेल्हार पुलिस इस मामले के कुछ दिन पहले भी तलवार भांजने वाले दो के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। बता दे कि जोन ०३ के डीसीपी सुहास बावचे, विरार डिविजन के सहायक पुलिस आयुक्त रामचन्द्र देशमुख के मार्गदर्शन में पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वसंत लब्दे, पुलिस निरीक्षक (अपराध) विजय पाटिल, पुलिस निरीक्षक (प्रशासन) शिवानंद देवकर के निर्देश पर क्राइम डिटेक्शन के सहायक पुलिस निरीक्षक सोपान पाटिल, प्रवीण जगताप, तानाजी चव्हाण, योगेश देशमुख, राकेश शिरसाट, रवि वानखेड़े, गोकुल हटकर, सागर ढाकणे, राहुल कर्पे, सुजय पाटिल, निखिल मांडलिक, महिला पुलिस रूपाली सकट, वैशाली केदारे, मीरा चंदनशिव द्वारा की गई कार्रवाई में सफलतापूर्वक मिली है।

# अंधेरी में शिंदे खेमे के नेता अल्ताफ पेवेकर की कार पर हमला





**मुंबई :** मुंबईः शिवसेना के शिंदे गुट के नेता और अंधेरी के लिए पार्टी के 'विभाग प्रमुख' (जोनल प्रमुख) अल्ताफ पेवेकर पर सोमवार रात अंधेरी में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कथित तौर पर हमला किया गया। यह घटना अंधेरी (पश्चिम) के मॉडल टाउन इलाके के आसपास हुई और इससे पार्टी पदाधिकारियों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। खबरों के मुताबिक, रात करीब 11:30 बजे जब अल्ताफ पेवेकर वसोर्वा से घर जा रहे थे, तभी अचानक उनके वाहन पर घात लगाकर बैठे हमलावरों ने हमला कर दिया, जो चेहरे पर रूमाल बांधे हुए थे। घटना के तुरंत बाद, अल्ताफ पेवेकर ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया कि हमलावर सेना (यूबीटी) गुट से जुड़े थे, जो पार्टी के भीतर संभावित आंतरिक कलह की ओर इशारा करता था। यह हमला एक लक्षित कृत्य का प्रतीक है, जिससे शिवसेना के गुटों के भीतर बढ़ते तनाव पर चिंता बढ़ गई है। अपने नेता पर हमले के जवाब में शिंदे गुट के सदस्य सोमवार देर रात वसोर्वा पुलिस स्टेशन के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने त्वरित कार्रवाई और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। सेना के पदाधिकारियों ने अधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने और उनकी गिरफ्तारी के लिए तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया।

# शिवसेना ठाकरे विधायक रवींद्र वायकर का जोगेश्वरी में पांच सितारा होटल का निर्माण...

## BMC ने काम रोकने का आदेश, बॉम्बे हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी...



**मुंबई :** शिवसेना ठाकरे विधायक रवींद्र वायकर की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई पूरी हो गई. बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. वायकर जोगेश्वरी में सुप्रीमो क्लब की साइट पर एक पांच सितारा होटल का निर्माण कर रहे है. लेकिन नगर पालिका ने काम रोकने का आदेश दे दिया है. वायकर ने इस आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. हालाँकि, सुनवाई पूरी हो चुकी है और अगर रवीन्द्र वायकर ने जानकारी छिपाई, तो अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई नगर निगम से पूछा है। रवींद्र वायकर द्वारा पांच सितारा होटल के बारे में जानकारी छुपाने के कारण बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई नगर निगम से यह सवाल पूछा है। दिलचस्प बात यह है कि बॉम्बे हाई कोर्ट में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है. बॉम्बे हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. इसलिए अब अंतिम नतीजा अगले कुछ दिनों में सामने आने की संभावना है.

# नरीमन प्वाइंट समुद्र किनारे 130 साल का एक कछुआ बच नहीं सका



**मुंबईः** मुंबई पुलिस, फायर ब्रिगेड और पशु बचाव विशेषज्ञ की लाख कोशिशों के बावजूद 130 साल का एक कछुआ बच नहीं सका. समुद्र के पास फंसे पांच फीट लंबे सरीसृप के बारे में अलर्ट मिलने के बाद, मरीन ड्राइव पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया। एक टीम मौके पर पहुंची और कछुए को बाहर निकाला, जबकि मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसे पुलिस स्टेशन ले जाया गया जहां एक वन अधिकारी ने घोषणा कि जीव मर गया है।

नरीमन प्वाइंट से फायर ब्रिगेड अधिकारी नाइक और उनकी टीम ठीक 5:15 बजे घटनास्थल पर पहुंची. उन्होंने समुद्र में पत्थरों के बीच फंसे पांच फुट लंबे कछुए को सफलतापूर्वक बाहर निकाला। इस बड़े आकार के कछुए की उपस्थिति के कारण मरीन ड्राइव पर इसे देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। एकत्रित भीड़ को देखते हुए, एक पुलिस अधिकारी ने पशु प्रेमी संदीप शाह के साथ मिलकर एक वैन के माध्यम से कछुए को मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन तक सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था की। मरीन ड्राइव पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नीलेश बागुल ने कहा कि वन अधिकारी ने आगे की कार्यवाही के लिए कछुए को हिरासत में ले लिया है



# मुंबई में दिल दहला देने वाला मामला, शख्स ने बेटे की चाहत में किया 4 साल के बच्चे का अपहरण

**मुंबई :** हाल ही में आई बड़ी खबर के अनुसार कल्याण रेलवे स्टेशन इलाके में दिल दहलाने वाली घटना घटी है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, कल्याण रेलवे स्टेशन के वेटिंग रूम से एक व्यक्ति ने चार साल के बच्चे का अपहरण कर लिया। कल्याण रेलवे क्राइम ब्रांच ने मामले की जांच की और महज आठ घंटे में लड़के को ढूंढकर उसके माता-पिता को सौंप दिया।

ऐसे में अब पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अपहरण करने वाले शख्स का नाम कचरू वाघमारे है। चौंकाने वाली बात यह है कि कचरू वाघमारे की चार बेटियां हैं। जी हां जांच में पता चला है कि बच्चे की चाह में उसने इस बच्चे का अपहरण किया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कल्याण रेलवे स्टेशन इलाके में रहने वाले करण गुप्ता और उनकी पत्नी शुभांगी गुप्ता दोनों मजदूर हैं। उनके दो बच्चे हैं, दो साल की बेटी कीर्ति और चार साल का बीटा अथर्व। वह सुबह कपड़े धोने के लिए कल्याण रेलवे स्टेशन के वेटिंग रूम में आया



आये थे। हालांकि, साबुन नहीं होने के कारण, वे अपने दो बच्चों को बाहर खेलता हुआ छोड़कर साबुन लेने के लिए स्टेशन से बाहर आ गए। इस समय उस स्थान पर चार अन्य बच्चे भी थे जो अथर्व के साथ खेल रहे थे। वहां एक जोड़ा था। बच्चों पर नजर रखने को कहकर करण अपनी पत्नी के साथ साबुन लाने चला गया।

जी हां साबुन लेकर वापस लौटे तो उनके होश उड़ गए। अथर्व और उसके साथ खेल रही चारों बच्चे वहां नहीं थे। इसके बाद करण ने अपने बेटे को इधर-उधर खोजा, लेकिन वह कहीं नहीं मिला।

आखिरकार वह कल्याण रेलवे क्राइम पुलिस स्टेशन पहुंचे। ऐसे में फिर कल्याण रेलवे क्राइम ब्रांच ने तुरंत लड़के की तलाश शुरू कर दी। स्टेशन क्षेत्र में लगे सीसीटीवी चेक किए। बच्चे की तलाश के लिए टीमें लगाई गईं। रात करीब 8 बजे कल्याण रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर एक व्यक्ति अथर्व को ले जाते हुए मिला। यह शख्स नासिक जाने के लिए ट्रेन पकड़ने की जल्दी में था। रेलवे क्राइम ब्रांच की टीम उस पर टूट पड़ी और उसे हिरासत में ले लिया और लड़के को बचा लिया।

# ऑनलाइन खरीदे गए सामान के बचे हुए रुपए वापस करने के लिए बैंक का खाता नंबर लेकर ऑनलाइन ठगी




**अंबरनाथ :** ऑनलाइन खरीदे गए सामान के बचे हुए रुपए वापस करने के लिए बैंक का खाता नंबर लेकर करीबन डेढ़ लाख रूपया ट्रांसफर कर लेने का मामला प्रकाश में आयी है।

मिली जानकारी के अनुसार बदलापुर पश्चिम गोविंद धाम सहकारी सोसायटी में ५३ वर्षीय राजेंद्र पारकर सपरिवार रहते है। पिछले गुरूवार को ऑनलाइन पर ३६० रुपए का टाइल्स साफ करने का सामान खरीदी किया। उसका बचा हुआ रकम वापस करने के लिए अज्ञात युवक ने फोन पर पारकर से मांगे दो बैंक खाता से १ लाख ५८ हजार ९९९ रूपया ट्रांसफर कर लिया। फिलहाल राजेंद्र पारकर के शिकायत पर बदलापुर पश्चिम पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ में विभिन्न धाराओं के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। आगे की जांच वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक आर क्षीरसागर कर रहे है।

# मानखुर्द के महाराष्ट्र नगर में ७ वर्षीय नाबालिग का के साथ सामूहिक दुष्कर्म, दो आरोपियों को गिरफ्तार

**मुंबई :** मानखुर्द के महाराष्ट्र नगर में एक ७ वर्षीय नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ट्रॉम्बे पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महज छह घंटे के भीतर एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग आरोपी डोंगरी चिल्डेन होम में भेज दिया गया है। ट्रॉम्बे पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रवींद्र रणशेवरे ने बताया कि पीड़िता घर से नजदीक एक दुकान में चॉकलेट लेने गई थी। कुछ समय बाद जब वो नहीं लौटी तो घरवालों ने उसकी तलाश शुरू की। जब कुछ समय बाद बच्ची मिली, तो उसकी हालत देखकर मां को संदेह हुआ। जिसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। सब इंस्पेक्टर किरण तांबडे ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। इस मामले में पुलिस ने कुछ ही घंटों में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जिसके बाद उन्होंने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# भिवंडी से गिरफ्तार संदिग्ध आतंकवादी आकिफ नाचन के मोबाइल से कई संदिग्धों की पहचान

**मुंबई :** महाराष्ट्र आइसिस (इस्लामिक स्टेट) मॉड्यूल मामले में पुणे में गिरफ्तार आतंकियों से मिले सबूतों के आधार पर शनिवार को एनआईए ने भिवंडी से संदिग्ध आतंकवादी आकिफ नाचन को गिरफ्तार किया था। आकिफ को १४ अगस्त तक एनआईए कस्टडी में भेजा गया है। इस बीच आकिफ के मोबाइल से कई संदिग्धों की पहचान होने की जानकारी मिली है, जिसके आधार पर एनआईए और एटीएस ने जांच तेज कर दी है। भिवंडी से गिरफ्तार आकिफ नाचन को कोर्ट में पेश करते वक्त एनआईए की तरफ से इस बात को दोहराया गया कि सभी गिरफ्तार संदिग्ध आतंकवादी मुंबई सहित देश के कई शहरों में बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। एनआईए ने यह भी दावा किया कि इनमें



से कई अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों के संपर्क में थे और इन्होंने आतंकी साजिश को अंजाम देने के लिए ट्रेनिंग भी ली है। एनआईए की तरफ से यह भी दावा किया गया कि बातचीत के लिए ये सभी लोग वीपीएन का इस्तेमाल करते थे।

**संदिग्ध आतंकी आकिफ नाचन पर है ये आरोप**

आकिफ पर आतंकी कृत्यों को अंजाम देने के लिए विस्फोटक पदार्थ ह्यइम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसह्न (आईईडी ) बनाने और परीक्षण में शामिल होने का आरोप है साथ ही दो आतंकियों को पनाह देने का भी आरोप है। शनिवार को एनआईए ने मुंबई से सटे भिवंडी में सिलसिलेवार छापेमारी के बाद आकिफ नाचन को गिरफ्तार किया था। इस मामले अब तक यह छठी गिरफ्तारी है। छापेमारी के दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और दस्तावेज जैसी कई आपत्तिजनक सामग्रियां भी जब्त की गई थीं। एनआईए ने पिछले हफ्ते पांच अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था, जिनमें पुणे निवासी शरजील शेख और जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, मुंबई निवासी ताबिश नासिर सिद्दीकी, पुणे निवासी जुबैर नूर मोहम्मद शेख उर्फ अबू नुसैबा और अदनान सरकार शामिल हैं। बता दें कि एनआईए ने इस साल जून में महाराष्ट्र के कथित आइसिस मॉड्यूल को लेकर मामला दर्ज किया था।

# बैंकों की सख्त शर्तों की वजह से दम तोड़ रहे हैं छोटे और मध्यम उद्योग

**मुंबई :** देश के कई बड़े व्यापारी बैंकों से लोन लेकर विदेशों में ऐश कर रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार, आरबीआई या अन्य बैंक उनसे लोन की रिकवरी नहीं कर पा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ आम नागरिक जो छोटे-मोटे उद्योग धंधे शुरू करना चाहते हैं, उन्हें बैंक ऋण देने से कतरा रहे हैं। गौर करने वाली बात है कि केंद्र सरकार अनेक प्रकार की लघु उद्योग संबंधी योजनाएं चला रही है। लघु उद्योग के अंतर्गत सरकार प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और लघु उद्योग क्रेडिट कार्ड योजना, क्रेडिट लिंक वैष्ठपिटल सब्सिडी स्कीम, एमएसएमई आदि शामिल हैं। हालांकि, सरकार की विरोधी नीतियों और बैंकों की सख्त शर्तों




की वजह से छोटे और मध्यम उद्योग दम तोड़ रहे हैं। बता दें कि चालू वित्त वर्ष २०२३-२४ की पहली तिमाही में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बैंक ऋण वृद्धि में सालाना आधार पर गिरावट आई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों में यह बात कही गई। एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि जोखिम से बचने के लिए बैंक लघु उद्योग करने के इच्छुक लोगों को ऋण देने से बचना चाहते हैं, जिससे उन्हें ऋण देने की वृद्धि दर में गिरावट हुई है।

रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, जून में मध्यम उद्योगों को दिए जाने वाले ऋण में १३.२ प्रतिशत (पिछले साल ४७.८ प्रतिशत) और सूक्ष्म व लघु उद्योगों को दिए गए कर्ज में १३ प्रतिशत (एक साल पहले २९.२ प्रतिशत) की बढ़ोतरी हुई। जून के अंत में मध्यम उद्योगों का सकल बैंक ऋण बकाया २,६३,४४० करोड़ रुपए था, जो पिछले साल जून में २,३२,७७६ करोड़ रुपए था।




# राज्यसभा में दिल्ली सर्विस बिल पेश

## राघव चड्ढा बोले– नेहरूवादी नहीं, अटलवादी बनिए, भाजपा ने दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाने का वादा किया था

**नई दिल्ली।** दिल्ली नौकरशाहों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित विधेयक सोमवार को राज्यसभा में पेश किया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 पर लोकसभा की तरह राज्यसभा में भी पक्ष और विपक्ष में धारदार बहस हुई। संवैधानिक प्रावधानों से लेकर राजनीतिक घटनाक्रमों तक का हवाला देकर एक दूसरे को गलत साबित करने की कोशिश की गई।

आम आदमी पार्टी की तरफ से सांसद राघव चड्ढा ने मोर्चा संभाला और सभी सांसदों से पार्टी लाइन से ऊपर उठकर इस बिल को रोकने की अपील की। उन्होंने भाजपा की ओर से पूर्व में दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए किए गए संघर्ष का भी विस्तार से जिक्र किया। साथी ही %सुपारी जैसी छोटी पार्टी कहे जाने पर गृहमंत्री अमित शाह को जवाब दिया।

चड्ढा ने अपने भाषण की शुरुआत महाभारत के प्रसंग से करते हुए कहा कि यह बिल राजनीतिक धोखा है। उन्होंने कहा, %यह 1977 से 2015 की कहानी है। 40 साल का लंबा संघर्ष भाजपा ने दिल्ली के पूर्ण राज्य के लिए किया। 1989 के लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में बीजेपी ने दिल्ली को पूर्व राज्य का दर्जा देने की बात कही थी। 1991 में जब कांग्रेस की सरकार ने दिल्ली में विधानसभा का



गठन किया तो लाल कृष्ण आडवाणी समेत अनेक नेताओं ने कहा कि दिल्ली के साथ पूरा न्याय नहीं हुआ, दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाया जाए। इन्होंने संघर्ष किया, लाठियां खाईं, दिल्ली को पूर्ण राज्य को दर्जा दिलाने के लिए। आडवाणी जी इस सदन में बिल लाए दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए। इसके बाद 2013 के घोषणा पत्र में भाजपा ने कहा कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे। यह बिल सिर्फ संविधान और लोकतंत्र का अपमान नहीं है। अटल बिहारी वाजयपेयी, आडवाणी, मदन लाल खुराना, सुषमा, जेटली सबका अपमान है।

# 137 दिन बाद संसद पहुंचे राहुल गांधी

### भाजपा का आरोप-देश विरोधी माहौल के लिए विदेशी फंडिंग, लोकसभा में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल पास

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी सोमवार को संसद सदस्यता बहाल होने पर 137 दिन बाद संसद भवन पहुंचे। उनके संसद पहुंचते ही लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक न्यूज वेबसाइट का मुद्दा उठाया। दुबे ने सदन में कहा, देश में पड़ोसी देश के पैसे से मोदी के खिलाफ माहौल बनाया गया। न्यूज वेबसाइट में पड़ोसी देश से पैसा आया। यह देश विरोधी है। उधर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाए कि, 'कांग्रेस, चीन और विवादित न्यूज वेबसाइट न्यूज क्लिक एक ही गर्भनाल से जुड़े हैं। राहुल गांधी की 'नकली मोहब्बत की दुकान' में पड़ोसी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम नजर आ रहा है। वे भारत विरोधी अभियान चला रहे।'

दोपहर बाद कार्यवाही शुरू होने पर डिजिटल पर्सनल डेटा



प्रोटेक्शन बिल 2023 पास हो गया। इसके कानून बनने से डेटा इकट्ठा करने वाली कंपनियों को यह बताना होगा कि वे कौन सा डेटा ले रही हैं और उसका क्या इस्तेमाल किया जाना है।

# चीतों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने बंद की सुनवाई

### कहा– चीता प्रोजेक्ट पर केंद्र सरकार से सवाल पूछने की कोई वजह नहीं



**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में 9 चीतों की मौत के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि चीतों को देश में बसाने में कुछ समस्याएं जरूर हैं, लेकिन चिंता करने जैसा कुछ भी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की दलीलों को स्वीकार करते हुए सुनवाई बंद कर दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि भारत में चीतों को बसाने के प्रोजेक्ट पर सरकार से सवाल पूछने का कोई कारण नहीं है। कूनो में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 20 चीतों को लाया गया है। चार शावकों ने यहां जन्म लिया। इनमें से 6 चीतों और तीन शावकों की मौत हुई है। इसी मामले को लेकर याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान केंद्र ने कहा कि दुनिया में पहली बार चीते एक कॉन्टिनेंट से दूसरे कॉन्टिनेंट में शिफ्ट किए गए हैं। चीतों के बाड़े का तापमान ज्यादा होना भी उनके लिए मुश्किल होता है। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका के कम तापमान के मुकाबले यहां का तापमान ज्यादा रहता है। 1952 में देश में चीते विलुप्त घोषित कर दिए गए थे। चीतों को देश में फिर से बसाने की योजना के तहत विदेशों से चीतों को लाया गया है। केंद्र सरकार ने कहा कि भारत में तमाम चुनौतियों के बाद चीतों की मृत्यु दर दुनिया के अन्य हिस्सों के मुकाबले काफी कम होना उपलब्धि है। अन्य जंगली जानवरों यानी बाघ, तेंदुओं और जंगली सुअरों से इन्हें बचाना बड़ी चुनौती है।

# सासंद, जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुशंसा से मुख्यमंत्री ने स्वीकृत की राशि

## चिचोली के 25 गांवों में 50 लाख की लागत से बनेंगे देवालयों के पास चौपाल

**चिचोली।** मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की अध्यक्षता में गठित समिति ने जनजाति बाहुल्य विकास खंड चिचोली की ग्राम पंचायतों के 25 गांवों में देवालय पैठाना के समीप जन उपयोगी सुविधाओं को विकसित किये जाने हेतु 50 लाख रूपये राशि की स्वीकृति शासन द्वारा दी गई हैं।इन गांवों में दो-दो लाख की राशि से चौपालो का निर्माण किया जाएेगा।

### इन गांवों के देवालय परिसर में बनेगी चौपाल

विकास खंड चिचोली अंतर्गत के ग्राम बोरी के हरदु माता मंदिर,गोधना के चंडी दरबार परिसर में,चिरापाटला के शिव मंदिर बन्नूढाना, मुठवाबाबा कोरकूढाना, हनुमान मंदिर महूढाना, हनुमान मंदिर गुम्मूढाना,शिवमंदिर झिरनाढाना एवं मुठवाबाबा महुढाना में, चूड़ियाँ के नागदेव मंदिर में, चूनागोसाई के मुढयाबाबा के पास में, चूनाहजूरी के शीतलामाता मंदिर के पास,झिरियाडोह में शिवमंदिर एवं हनुमान मंदिर के पास, धनियाजाम के मंदिर परिसर में, निवारी के नागदेव मंदिर के पास,बोडरैय्यत के खेडापति देवालय के समीप,बिगवा के बड़ादेव मंदिर परिसर में, बोडरैय्यत के हनुमान मंदिर के पास, देवपुरकोटमी के सिपलाई में हनुमान मंदिर और माता मंदिर के पास, कुरसना के आलमगढ़ माता मंदिर के पास,कामठामाल के मातामाई मंदिर के पास,चिरापाटला शिवमंदिर कहार मोहल्ले में,देवपुरकोटमी के सिपलाई में स्थित शीतला माता मंदिर के पास,कुरसना के हनुमान मंदिर के पास,बोडरैय्यत के हनुमान मंदिर के पास एवं देवपुरकोटमी के ग्राम सिपलाई में माता मंदिर परिसर में दो-दो लाख रूपये की लागत से छत चौपाल निर्माण हेतु चिचोली ब्लॉक के कुल 25 गांवों के लिए 50 लाख रूपये की स्वीकृति मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने क्षेत्रिय सासंद डीडी उइके एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार की सहमति एवं अनुशंसा से प्रदान की हैं।ग्राम पंचायतों को शासन से प्रदत्त इस राशि से गांवों के प्राचीन धार्मिक देवालयों पैठानो के प्रांगणो में चौपालो का निर्माण कर इन धार्मिक स्थलों का समग्र विकास किया जाएेगा।



प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा चिचोली ब्लॉक के जनजाति बाहुल्य 25 गांवों के लिए 50 लाख रूपये राशि की स्वीकृति बैतूल सासंद डीडी उइके एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार की सहमति एवं अनुशंसा से स्वीकृत होने पर भाजपा नगर चिचोली मंडल अध्यक्ष नीतेश आवलेकर एवं भाजपा ग्रामीण मंडल चिचोली अध्यक्ष राजेन्द्र यादव के साथ सभी जनप्रतिनिधियों,पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सासंद डीडी उइके एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार का आभार माना हैं।

# श्वेतांबर जैन मंदिर तुलसी नगर में भगवान के माता पिता का परिचय



**भोपाल।**

जब आज संसार में परिचय पहचान के लिए व्यक्ति कुछ भी कर जाता है और जगह-जगह सामाजिक और व्यापारिक क्षेत्रों में परिचय ही गुडविल बन जाता है ऐसे में शहर के तुलसी नगर श्वेतांबर जैन मंदिर मैं तीर्थंकर प्रभु का परिचय एक अद्भुत आयोजन हुआ पूज्य अमि पूर्णा श्री जी म सा पूज्य अमीदर्शा श्री जी म सा आदि ठाणा की निश्रा में विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भगवान के माता-पिता का परिचय देने वाले श्रद्धालु अपने आप को बहुत पुण्यशाली समझ रहे थे और यह उनके लिए अद्भुत अवसर था श्री आदिनाथ संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कोठारी ने बताया 24 तीर्थंकर भगवान के माता-पिता बने भक्ति संगीत के साथ नृत्य कर अपनी खुशी जाहिर करते हुए प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ से लेकर 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर के माता पिता बने श्रद्धालुओं ने क्रम अनुसार संपूर्ण परिचय दिया सभी श्रद्धालु जो माता-पिता बने थे वहां भक्ति और खुशी में फूले नहीं समा रहे थे और सभी 24 तीर्थंकर भगवान के बने माता-पिता द्वारा अपनी ओर से भेंट दी गई जो निराश्रित जनों को बांटी जाएगी 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर के पिता सिद्धार्थ राजा वीरेंद्र कोठारी माता त्रिशला विनीता कोठारी बनी अमि पूर्णा म. सा.ने कहा संसार में संसारी क्रियाकलापों में परिवार की जिम्मेदारी उठाते उठाते सभी अपना समय भौतिकता में व्यर्थ कर रहे हैं ऐसे में तीन लोक के नाथ के माता-पिता बनकर उनके बारे में बताना और क्रियाएं करना महान पुण्य के उदय से प्राप्त होता है।

# क्षेत्रीय विधायक ब्रह्मा भलावी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**चिचोली।** विकास खण्ड चिचोली के ग्राम पंचायत गवासेन के ग्राम हर्रई,खोकराखेड़ा झिटूपाटी गांवों के ग्रामीण जनों से ग्राम की समस्या एवं अन्य कठिनाई को जानने एवं दूर करने विधायक ब्रह्मा भलावी ग्रामीणो के बीच पहुंचे ब्रहमा भलावी के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय आर्य ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजेंद्र पटेल मंडलम अध्यक्ष गणेश मर्सकोले, तनवीर खान, राहुल चंदेलकर, अखिलेष पटेल, मंडलम अध्यक्ष बदामी यादव यूवा नेता रज्जन यादव चुरनी से कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले तीनों साथियों धरमदास धुर्वे, रामभरोसे यादव, बुद्धू काजले, मनोज करोचे आदि एवं रोहित आर्य सेक्टर अध्यक्ष गणेश धुर्वे रामदास यादव तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। विधायक ब्रह्मा भलावी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं संगठन पदाधिकारी के साथ गाँव गाँव पहुंचकर कमलनाथ जी की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर जाकर नारी सम्मान योजना फॉर्म भरने का काम किया जा रहा है।



# आजमगढ़ प्रकरण पर निजी विद्यालय हुये लामबंद, सौंपा ज्ञापन

## बिना जांच प्रधानाचार्या व शिक्षिका की गिरफ्तारी पर आक्रोश

**ललितपुर।** प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय निजी विद्यालयों के प्रबंधकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में आजमगढ़ चिल्ड्रन गर्ल्स स्कूल में हुई दुखद घटना पर दुख व्यक्त करते हुए बिना जांच के शिक्षक और प्रधानाचार्य की गिरफ्तारी पर रोष व्यक्त किया गया है। प्राईवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन सैनी ने बताया आजमगढ़ गर्ल्स कॉलेज में एक छात्रा ने बैग की तलाशी के दौरान मोबाइल पकड़े जाने पर विद्यालय में आत्महत्या कर ली।

उन्होंने कहा यह घटना अत्यंत दुखद है हम सभी प्राइवेट विद्यालय इस घटना पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा लेकिन इसका मतलब यह नहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षक इसके लिए दोषी हो जिनको गिरफ्तार कर लिया गया है। मोबाइल फोन बच्चों के माता-पिता उनको देते हैं जिसका बच्चे दुरुपयोग करते हैं आज किसी भी विद्यालय में जरा जरा सी बात पर अभिभावक विद्यालय के विरुद्ध शिकायत करने एफआईआर करने की धमकी देते हैं और बच्चों ने भी शिक्षक शिक्षिका एवं विद्यालय को सम्मान देना बंद



कर दिया है। जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा कि ऐसा नहीं है कि यह सभी बच्चे एवं अभिभावकों के द्वारा किया जाता है। 2 से 5 प्रतिशत तक ऐसे अभिभावक उत्तर प्रदेश में भी मौजूद है। अपने बच्चों के गलत व्यवहार पर भी उनको शह देते हैं, जिससे बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है।

कहा समाज का प्रत्येक वर्ग आज की जेनरेशन यानी कि छात्र-छात्राओं में नैतिक मूल्यों की गिरावट की बात करता है। लेकिन उसके लिए दोषी कौन है समाज के लोग या स्वयं अभिभावक जो कि अपने बच्चों को समय नहीं देते, उनका ख्याल नहीं रखते और समय से पहले वह सभी चीजें उपलब्ध करा देते हैं जिनकी बच्चों को आवश्यकता भी नहीं होती।

उन्होंने कहा हम सब का उद्देश्य सिर्फ इतना है कि आज विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य तथा शिक्षक विद्यालय के संचालन से डरने लगे हैं. उन्होंने कहा ताकि हमें नहीं पता कि किस पल हमारे खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। ज्ञापन में विद्यालयों के संगठनों ने कहा है कि हम सभी लोग कानून का अनुपालन करते हैं और ऐसा कोई भी कार्य नहीं करना चाहते जिससे समाज में कोई गलत संदेश जाएं फिर भी हर बात में विद्यालय को दोषी बना दिया जाए यह भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षिका की अनुचित गिरफ्तारी का विरोध करते है, इसी क्रम में 8 अगस्त 2023 को उत्तर प्रदेश के समस्त प्राइवेट विद्यालय के साथ-साथ जनपद के समस्त विद्यालय अपने अपने विद्यालय में शिक्षण कार्य को बंद रखेंगे। ज्ञापन में शासन से मांग की गई है इस दुखद घटना की जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी बनाई जाए।

दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बिना जांच किए गिरफ्तार की गई प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को तुरंत रिहा किया जाए। इस तरह का कानून बनाया जाए जिससे विद्यालयों का अनावश्यक उत्पीड़न रोका जा सके। इस अवसर पर अक्षय अलया, अजय श्रीवास्तव, डीएस विवेक, प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के मंत्री राजेश दुबे, कोषाध्यक्ष कौशल किशोर गोस्वामी, उपाध्यक्ष ध्रुव साहू, राजेंद्र सिंह यादव, आकाश मशीह, राजेश महेश्वरी, कपिल अग्रवाल, राकेश श्रीवास्तव, राजेश साहू, श्रीराम नामदेव, राजेश यादव आदि ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### बंद के समर्थन में एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल उत्तर प्रदेश

आठ अगस्त को विध्यालय बंद किए जाने के समर्थन मे एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल उत्तर प्रदेश भी बंद मे शामिल होगा। आजमगढ़ के चिल्ड्रंस गर्ल्स स्कूल में हुई घटना की निष्पक्ष जांच कराए बिना ही विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं शिक्षक की हुई गिरफ्तारी के विरोध में उत्तर प्रदेश के सीबीएसई आईसीएसई एवं यूपी बोर्ड के सभी स्कूल 8 अगस्त को बंद रहेंगे. एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल कुमार ने कहा उत्तर प्रदेश के सभी विद्यालयों के द्वारा यह सांकेतिक विरोध प्रदर्शन इसलिए किया जा रहा है कि छात्रा के आत्महत्या प्रकरण की सही से जांच की जाए और जांच के बाद अगर विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं शिक्षक दोषी पाए जाते हैं तभी उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए, किंतु बिना जांच किए हुए उनकी गिरफ्तारी न्याय उचित नहीं है। अतुल कुमार ने कहा कि वे सरकार से अनुरोध करते हैं कि प्रकरण के लिए एक उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और उस जांच रिपोर्ट आने के बाद ही संबंधित दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# ट्रक-कंटेनर की सीधी भिड़न्त में चालक की मौत



**ललितपुर।** ललितपुर-सागर नेशनल हाई-वे स्थित ग्राम गौना के पास ट्रक-कंटेनर की सीधी भिड़न्त में कंटेनर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद कंटेनर में फंसे ट्रक चालक का शव बाहर निकाला तो वहीं हादसे में घायल तीन लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि जिला बदायूं के थाना दातागंज अंतर्गत कस्बा कड़ेरा निवासी 27 वर्षीय मनोज पाल पुत्र मुकेश कंटेनर लेकर सागर की ओर जा रहा था, तभी सागर की ओर से आ रहा ट्रक अचानक से सामने आ गया, जब तक वह कंटेनर को संभाल पाता कि जोरदार भिड़न्त हो गयी। इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गयी। वहीं कंटेनर चला रहे मनोज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि मृतक का शव कंटेनर के केबिन को कटर से काटकर निकाला गया। थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम गौना स्थित घोष फार्म हाउस के सामने हुयी इस घटना के बाद से लोगों में आक्रोश भी देखा गया।

# मिशन इंद्रधनुष 5.0 के पहले चरण का हुआ शुभारंभ

## *चिन्हित 8395 बच्चे व 1849 गर्भवती महिलाओ को लगेगा टीका*

**ललितपुर।** सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के पहले चरण का शुभारंभ हो गया। जिला महिला चिकित्सालय के प्रसवोत्तर केंद्र पर नपाध्यक्ष सरला जैन ने नौनिहाल को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि टीकाकरण से विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है। मिशन इंद्रधनुष तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है, जिसके पहले चरण की शुरूआत हो गई है,जो बारह अगस्त तक चलेगा। उन्होंने सभी से अपने बच्चों एवम गर्भवती महिलाओं को टीका लगवाने की अपील की। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि माइक्रोप्लान के अनुसार ब्लाकवार टीमें बनाकर जिम्मेदारियां सौंप दी गई है।



पिछले दिनों हेडकाउंट सर्वे में छूटे शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं का चिन्हीकरण किया गया। इस दौरान 8395 बच्चे व 1849 गर्भवती महिलाएं चिन्हित हुई हैं। इन सभी का टीकाकरण करने के लिए 885 सत्र लगाए जा रहे हैं। इन सत्रों के माध्यम से गर्भवती एवं बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराकर लक्ष्य हांसिल किया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि वह इस अभियान का लाभ उठाएं और अपना टीकाकरण अवश्य कराएं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.शिवप्रकाश ने बताया कि शासन के निर्देश पर सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के जरिए संपूर्ण टीकाकरण का अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में टीकाकरण का कार्य सभी ब्लॉक और जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जा रहा है। मिशन इन्द्रधनुष का उद्देश्य बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कर जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित करना है। गर्भवती महिलाओं व बच्चों का समय से सम्पूर्ण टीकाकरण कर उन्हे जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है।

मिशन इंद्रधनुष अभियान के अंतर्गत किए जा रहे टीकाकरण से बीसीजी, पोलियो, हैपेटाइटिस बी, टिटनस, डिप्थीरिया, काली खांसी, खसरा जैसी बारह प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है। इसे ध्यान में रखकर बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं, जिससे हमारे बच्चें स्वस्थ रहें। यदि बच्चा टीकाकरण से प्रतिरक्षित है तो उसे बीमारी जल्दी नहीं पकड़ेगी। इस मौके पर एसीएमओ डा.वीरेंद्र सिंह, डीएसओ डा.आर.एन.सोनी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.राजेश भारती, सीडीपीओ, मातृ स्वास्थ्य जिला परामर्शदाता रवि झा, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डा.सुमित, यूनिसेफ से ज्योति तिवारी आदि मौजूद रहे।

### तीन चरणों में चलेगा सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0

सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 का पहला चरण 7 से 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर, तीसरा चरण 9 से 14 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा।




# कश्मीरी हिंदू नरसंहार मामलों को दोबारा खोलने से खुश विवेक

## पीएम मोदी- अमित शाह का जताया आभार

**विवादित** लेकिन हिट फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री इन दिनों सम-सामयिक मुद्दों पर अपनी राय रखकर सुर्खियां



बटोर रहे हैं। डायरेक्टर को बीते कुछ दिनों में बॉलीवुड इंडस्ट्री पर प्रहार करते देखा गया है। वहीं, अब उन्होंने भारत सरकार (जीओएल) द्वारा कश्मीरी हिंदू नरसंहार मामलों को फिर से खोलने की घोषणा पर संतोष व्यक्त किया है। डायरेक्टर का पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब लाइमलाइट बटोर रहा है। कश्मीरी हिंदू नरसंहार मामलों को फिर से खोलने की पहल न्यायमूर्ति नीलकंठ गंजू की दुखद हत्या की जांच से शुरू होती है, जो काफी समय से न्याय के लिए लंबित मामला है। जानकारी हो कि विवेक की फिल्म ने कश्मीरी हिंदू नरसंहार को दर्शाया था। ऐतिहासिक घटनाओं की खोज और प्रभावशाली कहानी ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया है, जिससे पूरे देश में बातचीत और बहस छिड़ गई है। सरकार की पहल से विवेक अग्निहोत्री बेहद खुश हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा है, 'शानदार खबरः आज, दिल्ली में कश्मीर अनरिपोर्टेड लॉन्च करने के कुछ ही क्षण बाद, हमने खबर सुनी कि भारत सरकार ने अब कश्मीरी हिंदू नरसंहार मामलों को फिर से खोलने का फैसला किया है, जिसकी शुरूआत जस्टिस नीलकंठ गंजू की यासीन मलिक द्वारा हत्या से की गई थी।'

विवेक अग्निहोत्री ने आगे लिखा, 'यह संयोग ही है कि आज रात उनकी बेटी उर्मिला रैना इस कार्यक्रम में शामिल होने आईं, और चार वर्ष पहले मैंने उनके बेटे विजय के गंजू जी से वादा किया था कि मैं उन्हें न्याय दिलाने की पूरी कोशिश करूंगा। इसके लिए नरेंद्र मोदी और अमित शाह को धन्यवाद। ऐतिहासिक फैसला।'

# कियारा आडवाणी ने BSF जवानों से की मुलाकात, वाघा बॉर्डर पर लहराया तिरंगा





**एक्ट्रेस** कियारा आडवाणी बीते दिनों मुंबई से दूर पंजाब में अपनी किसी फिल्म का शूट कर रही थी। जहां उन्होंने अटारी वाघा बॉर्डर पर पहुंचकर BSF के जवानों से मुलाकात की। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो काफी वायरल हो रही हैं। रविवार शाम अमृतसर पहुंची कियारा आडवाणी ने सबसे पहले अटारी बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी को देखा। उन्होंने रिट्रीट सेरेमनी करने वाले सैनिकों के साथ तस्वीरें भी लीं। एक्ट्रेस की कई अलग-अलग लुक में नजर आ रही हैं। इस फोटो में कियारा कमांडो लुक में BSF के जवानों के साथ सरहद का दौरा करती दिखाई दे रही है। दरअसल, कियारा एक दिन के स्पेशल शूट के लिए अमृतसर पहुंची थीं, जहां उन्होंने एक पूरा दिन इत्रक्के जवानों के साथ अपना वक्त बिताया। BSF की तरफ से इस साल एक लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मुहिम का हिस्सा कियारा आडवाणी भी बनी।

सरहद पर BSF जवानों की तरफ से कियारा के हाथों उनके नाम एक पेड़ भी लगवाया गया। एक दिन BSF जवानों के साथ गुजार कर कियारा काफी खुश दिखीं। देर रात कियारा आडवाणी को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान वह ग्रीन एंड व्हाइट कलर के सूट में बेहद खूबसूरत नजर आई। इस दौरान उन्होंने अपने माथे पर बिंदी भी लगाई हुई थी। कियारा आडवाणी इस तस्वीर में पैप्स के सामने फोटो के लिए पोज देती दिखाई दीं।

# 'वीडी 18' के लिए वरुण धवन ने कसी कमर, इस दिन से शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

**वरुण** धवन और एटली की फिल्म बीते कई दिनों से सुर्खियां बटोर रही है। कुछ समय पहले ही यह खबर आई थी कि तमिल निर्देशक की फिल्म में अभिनेता नजर आने वाले हैं। हालांकि, वरुण ने इस पर ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन उन्होंने बस यह कहा था कि वह जल्द ही 'वीडी 18' शुरू करने के लिए तैयार हैं। अब खबर है कि एक्टर कल (नौ अगस्त) से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस फिल्म को अगले साल 31 मई को रिलीज करने की तैयारी है। 'जवान' के निर्देशक एटली मुराद खेतानी के साथ इस फिल्म का निर्माण करने के लिए तैयार हैं। पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार यह फिल्म कल यानी बुधवार से फ्लोर पर आ जाएगी।



फिल्म में कीर्ति सुरेश और वामीका गब्बी नजर आने वाली हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अभिनेता मुंबई में फिल्म के प्रोमो की शूटिंग करेंगे। साथ ही, फिल्म के कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की भी शूटिंग की जाएगी। रिपोर्ट के दावे के मुताबिक फिल्म की तैयारियां जोरों पर हैं और मेकर्स जल्द ही इस एक्शन और ड्रामा से भरपूर फिल्म के प्रोमो के साथ वीडी 18 की घोषणा करने वाले हैं।

सूत्रों का कहना है कि वरुण इस फिल्म में बिल्कुल नए अवतार में नजर आएंगे। माना जा रहा है कि यह एक बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्म होगी।

फिल्म का निर्देशन कैलीस करने वाले हैं। वहीं, एटली केवल इसका निर्माण कर रहे हैं। फिलहाल, एटली सात सितंबर को अपनी फिल्म जवान की रिलीज की तैयारियों में जुटे हुए हैं। पठान के बाद शाहरुख खान स्टारर इस फिल्म का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। फैंस को उम्मीद है कि यह फिल्म किंग खान की पिछली रिलीज से बड़ा कारोबार करेगी।

मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .